**NEWS CLIPPING:19.09.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## Induction Program for Engineering students begins at J.C. Bose University

Sanjay Kumar
info@impressivetimes.com



**FARIDABAD :** J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has organized a two-week Induction Program for its newly admitted engineering students for the academic session 2023-24. The Program has been arranged by the Faculty of Engineering and Technology in collaboration with the office of Dean Student Welfare. The program was inaugurated by the Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar by lighting the traditional lamp, followed by a prayer of goddess Saraswati, and singing of University Kulgeet. Dean (Institution) Prof. Sandeep Grover, Dean (FET) Prof. Raj Kumar, Dean Student Welfare Prof. Munish Vashisth and chairpersons of all engineering departments were also present on this occasion. In his inaugural address, Vice-Chancellor Prof. Tomar welcomed the newly admitted students and shared invaluable advice to grab the opportunity of University life to craft not only your career but also your character. He said that as you strive for academic excellence; remember that true success lies in becoming exemplary citizens and contributing to nation-building. Engineering, at its core, is about harnessing the power of innovation for the greater good of society." Prof. Tomar also stressed the importance of holistic development, urging students to prioritize their health and engage in at least one sports activity to maintain a balanced and active lifestyle. He concluded by saying, "Remember, your personal growth is truly remarkable when your innovation benefits society. Addressing the students, Dean (Institution) Prof. Sandeep Grover offered a comprehensive overview of the University. His address aimed to acquaint the incoming students with the institution's ethos and the myriad teaching-learning and research resources at their disposal. Dean (FET) Prof. Raj Kumar emphasized the importance of making oneself comfortable with the university environment as a foundational step toward a successful academic journey. Prof. Raj Kumar urged the students to actively engage with their peers, professors, and the various opportunities available on campus, fostering a sense of belonging.

**NEWS CLIPPING:19.09.2023**

## HINDUSTAN

# छात्रों के चरित्र निर्माण में कैंपस का योगदान अहम

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए दो सप्ताह के इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा डीन छात्र कल्याण के कार्यालय के सहयोग से किया गया है। इंडक्शन कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने किया गया। कुलपति प्रो. तोमर ने नए छात्रों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों के करियर तथा चरित्र निर्माण में विश्वविद्यालय जीवन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय जीवन का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। समग्र विकास के महत्व पर भी बल देते हुए प्रो. तोमर ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा सक्रिय जीवनशैली के लिए कम से कम एक खेल गतिविधि में शामिल होने का आह्वान किया।

- जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि में प्रोग्राम
- नए छात्रों को कुलपति ने भी संबोधित किया

**NEWS CLIPPING:19.09.2023**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस में दो सप्ताह के इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न शैक्षणिक विभागों की ओर से इंजीनियरिंग में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए दो सप्ताह के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया है। इसका आयोजन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन छात्र कल्याण के सहयोग से किया गया है। इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने किया। कुलपति प्रो. तोमर ने नए छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इंडक्शन प्रोग्राम से छात्रों के व्यक्तिगत विकास होता है। दो सप्ताह तक चलने वाले इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान छात्रों की ओर से कई कार्यक्रम बनाए गए है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीन (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन (एफईटी) प्रो. राज कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मुनीश वशिष्ठ और सभी इंजीनियरिंग विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। संवाद

**NEWS CLIPPING:19.09.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## यूनिवर्सिटी के बारे में जानकारी दी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी की तरफ से शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान दाखिल लेने वाले इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए दो सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। आयोजन इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से डीन छात्र कल्याण विभाग के साथ मिलकर हो रहा है। इंडक्शन कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर ने किया। डीन इंस्टीट्यूशन प्रफेसर संदीप ग्रोवर, डीन प्रफेसर राज कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.मुनीश वशिष्ठ व इंजीनियरिंग विभागों के अध्यक्ष यहां उपस्थित थे। प्रोफेसर संदीप ग्रोवर ने यूनिवर्सिटी के बारे में जानकारी दी।